कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मानसिंह गुर्जर पुत्र श्री रामगोपाल गुर्जर निवासी आशांपुरा वार्ड नंबर 2, पोस्ट बांदीकुई जिला दौसा –303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई

अपील संख्या 84/2023

<u>निर्णय</u> दिनांक 20.12.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/2265 दिनांक 04.12.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई जिला दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2023/2052 दिनांक 14.12.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को चाही गई सूचना पत्र कमांकः 1431 दिनांक 26.10.2023 के द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे ज्ञात होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official